इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लि. कार्यालय में
हिंदी पखवाडा उद्घाटन समारोह–2024

इंजीनियरिंग प्रोजेक्टस इंडिया लिमिटेड के कॉर्पोरेट कार्यालय में गृह मंत्रालय, भारत सरकार, के राजभाषा विभाग के पत्र सं. 11034/4/2024-राजभाषा (निति) दिनांक 03 जुलाई, 2024 के अनुसार भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुपालना हेतु वर्ष 2024 में हिंदी पखवाडा समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें समस्त क्षेत्रीय कार्यालय एवं उनके अधीनस्थ साइट कार्यालयों के लिए ऑनलाइन जोडा गया है। वर्ष 2024 के हिंदी पखवाडा समारोह एवं कवि सम्मेलन का उद्घाटन माननीय निदेशक (वित्त), माननीय निदेशक (परियोजनाए), माननीय मुख्य सतर्कता अधिकारी तथा आमंत्रित अतिथि वक्ता माननीय डॉ. राजाराम यादव, दिल्ली मैट्रो रेल कॉर्पोरेशन, माननीय डॉ. के.के. राजस्थानी, नई दिल्ली, माननीय डॉ. रसिक गुप्ता नई दिल्ली तथा माननीय श्री देवकांत पाण्डेय, भोजपुरी द्वारा किया गया।

सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत कक्ष में पधारे आमंत्रित अतिथियों का स्वागत श्री. ऋषि कुमार कार्तिकेय, उप महा प्रबंधक द्वारा बैज लगाकर तथा श्रीमती अनुश्री गुप्ता,.वरिष्ठ प्रबंधक द्वारा आमंत्रित अतिथियों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। तदोपरांत आमंत्रित अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलन किया गया तथा अतिथियों को पुस्तक, शॉल, मोमेंटो एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया तदोपरांत आमंत्रित अतिथियों का परिचय दिया गया। राजभाषा अधिकारी डॉ मनीष शंकरराव गवई, प्रबंधक राजभाषा द्वारा मंच का संचालन किया गया।

तदोपरंत हिंदी के सुप्रसिद्ध हास्य कवियों माननीय डॉ. राजाराम यादव, दिल्ली मैट्रो रेल कॉर्पोरेशन, नई दिल्ली, माननीय डॉ. के.के. राजस्थानी, नई दिल्ली, माननीय डॉ. रसिक गुप्ता नई दिल्ली, माननीय श्री देवकांत पाण्डेय, भोजपुरी हिंदी कवि, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, नराकास, नई दिल्ली.110023 द्वारा कवियों ने हास्य विषय पर अपनी कविताएं सुनाई जिसमें हास्य व्यंग्य पर "बेटी बचाव, भ्रष्टाचार, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक आवाज" पर अपनी कविताएं प्रस्तुत कीं। तदोपरांत निदेशक परियोजना, निदेशक वित तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन पर राजभाषा प्रभाग को बधाई दी तथा राजभाषा कार्यान्वयन को बढावा देने के लिए हिंदी विभाग को शुभकामनाएं भी दी।

हिंदी पखवाडा -2024 के कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई तथा उच्च्व अधिकारियों की हिंदी हस्ताक्षर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसके अंतर्गत निदेशक वित, निदेशक परियोजना, मुख्य सतर्कता अधिकारी ने हिंदी हस्ताक्षर में शुरूआत की जिमसें समस्त प्रभागाध्यक्षों व वरिष्ठ अधिकारियों ने बोर्ड पर अपने हिंदी में हस्ताक्षर किए। इस कार्यक्रम पर अध्यक्ष, रा.का.सं.ने राजभाषा प्रभाग की सराहना की।

हिंदी पखवाडा समारोह का आभार राजभाषा प्रभाग से डॉ अहीर प्रभुनाथ, कार्यकारी (एस.जी.) (राजभाषा) तथा कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था श्रीमती तबस्सुम खान, कार्यकारी (एस.जी.) (राजभाषा) द्वारा की गई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जलपान दिया गया तथा समारोह में भारी संख्या में अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

राजभाषा अनुभाग, कॉर्पोरेट कार्यालय